बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

<u>विस्तृत सूचना</u>

विज्ञापन संख्या–04/2021 के अंतर्गत बिहार लोक सेवा आयोग, पटना में **निम्न वर्गीय** लिपिक के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 20.11.2022 (रविवार) को सम्पन्न मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर योग्य पाये गये कुल 24 अभ्यर्थियों का टंकण एवं कम्प्यूटर जाँच परीक्षा दिनांक–11.04.2023 (मंगलवार) को 11:30 बजे पूर्वाह्न से 11:40 बजे पूर्वाह्न तक पटना स्थित **ललित नारायण मिश्र इंस्टिट्यूट, ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेन्ट एण्ड सोशल चेंज, नेहरू पथ, पटना (माननीय उच्च न्यायालय के सामने) में निर्धारित है।** कुल 24 अभ्यर्थियों का अनुक्रमांक निम्न प्रकार है:–

400160, 408501, 409992, 415217, 418376, 420456, 421051, 421796, 422681, 423613, 424724, 432301, 436894, 437130, 440331, 443941, 444016, 448726, 449852, 449977, 450252, 455341, 456252 एवं 456685

उक्त जाँच परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते है:–

1. **सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि परीक्षा प्रारम्भ होने से (11:30AM से) दो घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करें। परीक्षा हॉल में प्रवेश की अनुमति 10:00 AM से 10:30 AM तक होगी। 10:30AM के बाद प्रवेश निषेध होगा।**
2. टंकण एवं कम्प्यूटर जाँच परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र ही मान्य होगा।
3. अभ्यर्थी ध्यान रखें कि Typing Test देते वक्त किसी शब्द (Word) को टंकित कर देने के पश्चात् उस शब्द को Delete Key या Backspace Key की मदद से Delete नहीं किया जा सकता है, क्योंकि Delete Key एवम् Backspace Key पूर्व से ही Lock रहेगा।
4. Typing Test, Ms Word Application में लिया जायेगा।
5. **हिंदी टाइपिंग के लिए कीबोर्ड लेआउट "रेमिंगटन गेल" होगा और फॉन्ट "मंगल" होगा।**
6. अभ्यर्थी अपने साथ मुख्य परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र एवं एक फोटोयुक्त पहचान के लिए आधार कार्ड लाना सुनिश्चित करेंगें। आधार कार्ड नहीं होने पर अपना फोटो पहचान पत्र यथा–EPIC/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई॰ डी॰ कार्ड/पासपोर्ट आदि में से किसी एक की छायाप्रति मूल में (Original) लेकर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर टंकण जाँच परीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
7. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अंदर या बाहर सी॰सी॰टी॰भी॰ कैमरे की निगरानी में रहेंगे। अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि परीक्षा भवन और परिसर एवं इसके इर्द–गिर्द कोई उद्दंडता/अवांछित गतिविधि अथवा कदाचार न करें। यदि वे ऐसी गतिविधियों में सलिप्त पाये जायेंगे, तो उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेंगी।

7/4/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना